तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 10वें स्थापना दिवस पर जेपी इंटरनेशनल स्कूल ने...



14 वंदे मातरम स्थल में 25 से लगेगा योग शिविर




## सियासत : मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप पत्र किया दाखिल, घबराए कांग्रेसी नेता

# नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपाइयों ने निकाली रैली कांग्रेस दफ्तर का घेराव कर किया गया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हेराल्ड मामले को लेकर भाजपाई कमल सदन से रैली के शक्ल में निकले और कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। भाजपाईयों ने कांग्रेस कार्यालय के पास पुतला दहन किया, वहीं पुलिस ने भाजपाईयों को कांग्रेस कार्यालय तक जाने के लिए चाक चौबंद कर रखा था। भाजपाईयों ने बेरीकेट्स के पास नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

- कांग्रेस केवल बदनाम करने में लगी रहती है : भाजपाई

जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। इसके बाद बवाल मच गया है, कांग्रेसी ईडी का पुतला दहन कर रहे है, वहीं अब कांकेर में भाजपाई भी कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर उतर गए है। भाजपा के कमल सदन में जिलेभर से भाजपा के



पदाधिकारी और कार्यकर्ता 18 अप्रैल को एकजुट हुए। कमल सदन से रैली के शक्ल में 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे निकले। भाजपाई नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने पहुँचे। पुलिस ने खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यालय को सुरक्षा देने के दृष्टिकोण से दोनो तरफ बेरीकेट्स लगाकर रखा था। भाजपाईयों ने बेरीकेट्स के पास ही नारेबाजी करते हुए भ्रष्टाचार करने कांग्रेस नेताओं का पुतला दहन किया। पुतला की आग फैलने के कारण भाजपाई बेरीकेट्स को हटाकर कांग्रेस कार्यालय की ओर पहुँच गए थे। भाजपाईयों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी किया।

भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि यह मामला 2021 से 2022 से लगातार चलते आ रहा है और अभी तक चार्जशीट किया गया तो कांग्रेस के द्वारा भारतीय जतना पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को और प्रधानमंत्री को गलत तरीके से आरोप लगाकर, देश के लोगो को गुमराह करने का काम कर रहें है। कांग्रेसियों के विरोध में भारतीय जनता पार्टी रैली निकालकर राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला दहन किया गया है, ताकि देश के लोगो को पता चले की यह काम भारतीय जनता पार्टी नही, बल्कि कानून व्यवस्था के तहत किया गया है। कानून व्यवस्था के दायरे में आकर परिवर्तन निदेशलय ने जांच किया, पूछताछ किया उसके आधार पर पेश किया गया है। न्यायलय में वो सब देश जान रहा है, जो कंपनी उन्होने बनाया था वह विचित्र है, क्योकि वह विचित्र मामला इसलिए है क्योकि उस एजेंसी को बेचने वाले भी वही है और खरीदने वाले भी वही है। कांग्रेस में कांग्रेस का ऐसा कोई कार्यकर्ता नही था जो अखबार को खरीद पाते और चला पाते, जबकि उनके फंड में पैसा भी था, ऐसा नही है कि पैसा नही है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने यंग इंडिया नाम से कंपनी बनाते है, उस कंपनी में हमारे स्वतंत्रता सेनानी के नाम से लगभग 10 हजार से ज्यादा शेयर होल्डर थे , इनको बिना बताए बिना सहमती लिए, वो जो यंग इंडिया कंपनी बनाते है उसमें शामिल कर लेते है और उसमें लगातार 2008 तक नुकसान ही नुकसान हो रहा है तो उनको लगभग 90 करोड़ का नुकसान होता है, और 90 करोड़ की राशि को लोन के द्वारा माफ कर दिया जाता है। ऐसे भ्रष्टाचार करने वालों को जेल में होना चाहिए, जेल से बाहर नहीं घूमना चाहिए।




### चार्जशीट दाखिल

देश को भ्रमित करने का काम कांग्रेस के द्वारा किया जा रहा है, मेरा बोलना है कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे, मोदी के आने से नेशनल हारेल्ड का केस पूरे देश के समक्ष था, इडी ने भी चार्जशीट दाखिल किया तो वे बौखला गए और परिवार की गुलामी करते हुए भाजपा को बदनाम कर रहे है।

राजा पांडेय, जिलाध्यक्ष, भाजयुमो

### प्रदर्शन में यह रहे उपस्थित

विरोध प्रदर्शन में नगरपालिका के अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, अनूप राठौर, भूपेंद्र नाग, नरहरपुर जनपद अध्यक्ष सोमन कावड़े, उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद हितेंद्र खटवानी, मंजू सारथी, चित्ररेखा जैन, नरेंद्र साहू, सलीम मेमन, अजय मोटवानी, दीपक खटवानी, देवेंद्र भाऊ, टिकेंद्र ठाकुर, संजय सिन्हा, अंशु शुक्ला, घनेंद्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, मोंटी खटवानी, शैलेंद्र शोरी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय योग शिविर के लिए बैठक हुई आयोजित



**नरहरपुर।** कांकेर में तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन 25 से 27 अप्रैल तक किया जाएगा। इस योग शिविर के दौरान 25 को स्वामी आदित्य देव, स्वामी सनातन देव एवं नरेंद्र देव का नरहरपुर में प्रवास होगा। इसकी तैयारी के लिए 18 अप्रैल को नीलकंठ महादेव मंदिर में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पतंजलि युवा भारत के राज्य प्रभारी जयंत भारती, सचिव साहू ,कोषाध्यक्ष खिलेंद्र साहू, पतंजलि योग समिति नरहरपुर के मुख्य योग शिक्षक कुंदन लाल साहू, कुमार साहू, धर्मेंद्र साहू, पार्षद मुकेश संचेती, डॉ लक्ष्मण शुक्ला, शीतल साहू, ओमेश स्वर्णवंशी सहित योग साधक एवं नगर के अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### करंट लगने से महिला की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र कि 55 वर्षीय काजल सरकार का मौत 17 अप्रैल को बिजली करंट लगने से हो गई। पीवी 57 कालीनगर निवासी गणेश मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतिका मक्का तोड़ने के लिए खेत कि तरफ गई थी। झटका मशीन के करंट में चिपक कर गिर गई। जाकर देखा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## घर के बाहर खड़े वाहन को टक्कर मारकर किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के लट्टीपारा में घर के सामने खड़ी वाहन को अन्य वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। क्षतिग्रस्त हुए वाहन के मालिक ने वाहन को बनवाने के लिए बोला तो आरोपी ने बनवा दूंगा, एफआईआर मत करवाना, बाद में आरोपी ने वाहन को बनवाने से मुकर गया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

- वाहन को सुधरवाने का वादा कर मुकरा आरोपी, मामला दर्ज
- नशे में आरोपी ने किया था एक्सीडेंट : पीड़ित

का के र थाना में शिकायत करने पहुंचे लट्टीपारा निवासी 22 वर्षीय शिवम जयसवाल पिता दीपक जयसवाल ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल को मेरे वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएक्स 9955 को घर के सामने किनारे खड़ा किया था। दोपहर करीबन ढाई बजे वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 5668 के चालक सरोना निवासी हरीश साहू के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे घर सामने खड़ी वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएक्स 9955 को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गया है। आरोपी चालक हरीश साहू नशे के हालत में था। घटना के संबंध में 16 अप्रैल को आरोपी चालक हरीश साहू को उसके वाहन के साथ थाना कांकेर में एक्सीडेंट की रिपोर्ट कराने लाए थे। चालक ने रिपोर्ट नहीं कराने के संबंध में निवेदन किया और कहा कि मैं आपके गाड़ी का जो क्षति हुआ है, उसे बनवा दूंगा। हरीश द्वारा निवेदन करने पर मैने पुलिस से एफआईआर नहीं करने का निवेदन किया। आरोपी चालक नशे के संबंध में एल्कोहल मीटर से चेक कराया गया था। आरोपी चालक हरीश साहू के द्वारा 17 अप्रैल को मेरे क्षतिगस्त वाहन को नहीं बनवाऊंगा बोलकर मुकर गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 5668 के चालक हरीश साहू के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




## तूफान से कोलियारी स्कूल के भवन का उड़ा शेड




हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलिकन्हार

सुरेली पंचायत के आश्रित ग्राम कोलियारी के स्कूल भवन का शेड पिछले दिनों आई तेज तूफान के चलते उड़ गया, जिसकी जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को दिया। जानकारी मिलते ही निरीक्षण करने जनपद पंचायत कांकेर अध्यक्ष पुर्णिमा कावड़े, जनपद सदस्य व वन सभापति नितेश सलाम, पूर्व कृषि सभापति ईश्वर कावड़े, उप अभियंता नंद कुमार कुर्रे ग्राम कोलियारी पहुंचे। निरीक्षण के दौरान भवन की दीवारों में दरारें, छत से टपकता पानी और साफ-सफाई की कमी देखने को मिली, जिस पर जनपद अध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए कहा कि पंचायत के आधीन भवन ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ होता है और उसकी जर्जर स्थिति शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में बाधा बनती है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं साझा करते हुए बताया कि खराब भवन के कारण बैठक और सरकारी योजनाओं से जुड़ी गतिविधियाँ सुचारु से संचालित नहीं हो पाती। जनपद अध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए भवन के पुनर्निर्माण या मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। इसी तरह ग्राम पंचायत मोदे के खपरेल वाली पंचायत भवन की जर्जर स्थिति पर चिंता जाहिर किया। जनपद अध्यक्ष ने कहा कि आप लोगों की समस्या का निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से संवाद करके निराकरण के लिए पय्रास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान रामसिंग उसेंडी, मनोहर उसेंडी सहित समस्त ग्रामीण उपस्थित रहें।

- जपं अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को मरम्मत करवाने का दिया निर्देशित

## पक्का मकान देने का वादा सरकार कर रही पूरा



**चारामा।** किलेपार में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में घर-घर पहुंच कर सर्वे कार्य किया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान देने का वादा पूरा कर रही है। इसी कड़ी में मोर दवार साय सरकार अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वे के लिए जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनोज जैन, बूथ अध्यक्ष नारायण जैन, सरपंच मैना ध्रुव, आवास मित्र, रोजगार सहायक अश्वनी कोमर्रा, संजय यादव, चंदन सोनी, सगऊ राम धुर्वा, सुहागा बाई, ▶▶| शेष पेज 12 पर






### ठेकेदार के काम में देखी जा रही है भारी गड़बड़ी

# अमृत मिशन कार्य में लेट लतीफी व लापरवाही से नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर भानुप्रतापपुर में अमृत मिशन योजना के कार्य में लेटलतीफी और लापरवाही के चलते नगरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। खुदी हुई सड़कों तथा पाइप लाइन फूटने से जल समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पंचायत के सभी वार्डो में विगत कुछ महीनो से अमृत मिशन योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है, जिस पर ठेकेदार द्वारा भारी अनियमिता देखी जा रही है और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार पाइप लाइन बिछाने के दौरान सड़कों की लापरवाहीपूर्ण खुदाई से पेयजल पाइप लाइन को लगातार क्षति पहुंच रही है, वहीं कार्य में गड़बड़ घोटाले की शिकायतें निरंतर मिल रहे हैं। छोटी छोटी गलियों और सड़को को खोद दिया गया हैं, जिसे तत्काल पाइप डालकर ठीक नहीं किया जाता। नालियों के स्लेब को भी तोड़ दिया गया है, बड़े बड़े गड्ढे खुले छोड़ दिए गए हैं, जिससे अप्रिय दुर्घटना होने का डर बना हुआ है। पुरानी पाइप लाइन को प्रतिदिन क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है, जिससे मोहल्ले वाले को पानी मिलाने में समस्या आ रही है। रोड के खुदे होने की वजह से टैंकर भी वार्डवासियों तक पहुंच नहीं पाते हैं। सड़कों को खोदने से करोडो की लागत से बने सड़के पूरी तरह खराब हो रही हैं दरारे दिखने लगी है। मशीन द्वारा ▶▶| शेष पेज 12 पर



### अस्थायी कार्य किया जा रहा

*भानुप्रतापपुर के सीएमओ आईएल पटेल से इस विषय पर हरिभूमि ने बात किया तो उन्होने कहा कि ठेकेदार के द्वारा अभी अस्थायी कार्य किया जा रहा है और कंक्रीटीकरण भी अस्थायी है। पाईप लाईन डलने के बाद पानी चेक करने के उपरांत ठीक से बनाया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### भेड़ की मौत पर मिला मुआवजा



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत मावलीभाटा विकास खंड तोकापाल के किसान गोदाराम ठाकुर का भेड़ की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गई। जिसे पशु बीमा योजना के अंतर्गत चित्रकोट विधायक विनायक गोयल द्वारा मुआवजे का चेक वितरण किया गया।

### कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे ने बताया कि नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई है। पानी की व्यवस्था, ऑटो एवं सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से शुरू हो सके, समस्त पार्षद एवं अधिकारी, कर्मचारी अपने वार्ड में उपस्थित रहेंगे।

### सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरूकता का संकल्प

**जगदलपुर।** संत रामपाल महाराज के सानिध्य में 20 अप्रैल को सिटी ग्राउंड में सामाजिक, आध्यात्मिक और सेवा पर आधारित आयोजन होने जा रहा है, जिसमें विशाल सत्संग, दहेज मुक्त सामूहिक विवाह, रक्तदान शिविर और देहदान संकल्प पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने और व्याप्त कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने की पहल है। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करना है।

## पेज 11 के शेष

### पक्का मकान देने...

देविका यादव, बासन बाई, आगेश यादव, हेमलाल परमार, देवेंद्र सोनी, अवध राम हिंडको, मंजन धुर्वा, गोपाल कुरैटी, राकेश सोनी, आत्माराम कुंजाम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बिमला सिन्हा, सगुनबाई, राधिका कुंजाम, धर्मैन्द्र कल्लो की उपस्थिति में सर्वे कर ऑनलाइन हितग्राहियों की जानकारी सबमिट की गई।

### अमृत मिशन कार्य...

सड़कों को सही माप के अनुसार नहीं खोदा जा रहा है। पाइपलाइन बिछाने के बाद पूरी तरह से मिट्टी डालकर थोड़ा सा ऊपर कांक्रीट मसाला डाला जा रहा है, जो की खोदे गए सीसी रोड की मोटाई का आधा भी नहीं है, केवल थूक पालिस किया जा रहा है। खोदे गए रोड को क्रॉकिट कर रिपेयरिंग करने के बाद कोई बेरीकेट नहीं लगाया जाता, जिससे गाड़ियों और पशुओ के आवागमन के कारण रोड खराब हो जाता है और ठेकेदार द्वारा नियमित पानी भी नहीं डाला जाता, जो की ठेकेदार के द्वारा घोर लापरवाही का सबूत है।

## शादी में गया था पीड़ित परिवार, वापस लौटा तो घर में फैला मिला सामान

# सूने मकान में अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ नकदी समेत सोने-चांदी के जेवर किए पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र के फरसगांव नगर के नयापारा में स्थित सूने मकान में चोरों ने सेंध लगाई। चोर मकान में रखे सोने-चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम लेकर भागे गए हैं। वारदात के समय परिवार शादी समारोह में गए थे। घटनाक्रम सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

पुलिस के अनुसार,थाना क्षेत्र अंतर्गत के प्रार्थी राहुल कोर्राम पिता स्व मोहनलाल कोर्राम उम्र 28 वर्ष निवासी फरसगांव नयापारा ने थाने में शिकायत की। शिकायत में बताया कि वह फरसगांव नगर के शासकीय आदर्श स्कूल में शिक्षक के पद में पदस्थ हैं। मेरी मां मौसी की बेटी दिव्या सलाम के शादी के लिए पंद्रह दिन पूर्व चली गई थी तथा 13 अप्रैल रविवार को सुबह प्रार्थी अपने छोटे भाई जयंत कोर्राम दोनो अपने घर को ताला लगाकर किलेपार जेपरा तहसील चारामा जिला कांकेर अपने पुस्तैनी गांव मौसी की बेटी दिव्या सलाम की शादी में गए थे। फरसगांव नगर के नयापारा वाले घर पर घर का कोई सदस्य नही था। घर को ताला बंद कर गए थे। शादी खत्म होने के बाद 15 अप्रैल मंगलवार को सुबह करीबन 10 बजे वापस अपने नयापारा फरसगांव वाले घर पर आए, गेट का ताला खोलकर अंदर गए तो देखा कि मेन गेट में लगाया गया ताला गायब था, चैनल गेट का कुंदा टूटा हुआ था। घर अंदर जाकर देखे घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। पेटी का कुंदा व ताला टूटा पड़ा था तीनो आलामारी व आरमारी का लॉकर टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। हम दोनो भाइयों तुरंत ही थाना आकर मामले की सूचना दी।

सामान चेक करने पर पता चला कि एक नग सोने का हार, दो नग सोने की चूड़ी, सोने का झूमका, दो नग सोने की चेन, एक नग सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने का टॉप्स, एक नग सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी का पायल, एक नग एचएमटी की घड़ी, व नकद रकम 30000 रूपए गायब थे। चोरों ने कुल अनुमानित राशि 5 लाख 95 हजार रुपए की चोरी को अंजाम दिया है। अज्ञात चोर के द्वारा घर अंदर घुसकर ताला, आलमारी, पेटी में लगा लॉक को तोड़कर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध कायम कर अज्ञात के खोजबीन कर जांच में जुट गई है। वारदातस्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए पुलिस बारीकी से जांच की जा रही है साथ ही पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है।

## वन सीमा सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ



**फरसगांव।** वन विभाग केशकाल वनमंडल केशकाल ने 18 अप्रैल को वन सीमा सुरक्षा सप्ताह का प्रारंभ किया। वनमंडलाधिकारी गुरूनाथन एन केशकाल द्वारा वन सीमा सुरक्षा सप्ताह के तहत परिक्षेत्र फरसगांव के परिसर लंजोडा पी 1179, पी 1180 का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संबंधित कर्मचारियों को वन सीमा सुरक्षा सप्ताह, मुनारा सत्यापन, प्लाटंटेशन तथा तेंदूपत्ता तोड़ाई से संबंधित वन अमला को दिशा-निर्देश दिया गया।

डीएफओ श्री गुरुनाथन ने कहा कि वन सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण अंग वन सीमाओं का सही संधारण होता है। इसके महत्व को देखते हुये समस्त कार्य आयोजनाओं में पंचवर्षीय सीमांकन योजना के तहत प्रतिवर्ष वनसीमा के सीमांकन का कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है। कार्यक्रम के तहत प्रतिवर्ष कुल सीमा रेखा की लंबाई के पांचवें भाग तथा कुल वन सीमा मुनारों के पांचवें भाग के मरम्मत एवं संधारण का कार्य किया जाता है। विगत वर्षों में बड़ी संख्या के पक्के मुनारों का निर्माण किया गया है।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएफएस गौतम नारायण पादिभर, उप वनमंडलाधिकारी टीआर मरई, फरसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी आर एस यादव , सुशीला नेताम, संध्या नाग, यशवंत नायक, गजेन्द्र नाईक, डोमार सिंह नेताम, गुदराम मरकाम, वासुदेव डहरिया , अनिल मरकाम, संगीता , सुनीता, सरिता , तेन सिंह भॉयर, वीरेंद्र सोना, महेंद्र मंडावी, श्रवण सहित अन्य वन कर्मी उपस्थित रहे।

## दो बाइक की भिड़ंत में महिला की मौत, 2 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ दोनों घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर

नेशनल हाइवे 30 मांझीआठगांव के पास गुरुवार की शाम करीब 7 बजे बाइक ने बाइक सवार दंपति को अन्य बाइक में सवार युवक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर मौत हो गई और उसका पति व टक्कर मारने वाला युवक घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी अनुसार ग्राम जुंगदई निवासी ललित पटेल उम्र 52 वर्ष अपनी पत्नी आयसी बाई पटेल उम्र 50 वर्ष के साथ बाइक क्रमांक सीजी 27 के 3981 में सवार होकर ग्राम अड़ेगा में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। अड़ेगा से वापस घर आने के दौरान नेशनल हाइवे 30 मांझीआठगांव के पास की शाम करीब 7 बजे पीछे से अन्य बाइक क्रमांक सीजी 27 के 6395 में सवार होकर आ रहे युवक ग्राम सिंगारपुरी निवासी नवीन यादव पिता रत्तू यादव ने इनकी बाइक को टक्कर मारी और खुद भी बाइक से गिर गया। हादसे में तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। जहां फरसगांव अस्पताल में डॉक्टरों ने आयसी बाई पटेल की मृत घोषित किया। ललित पटेल को सर में चोट आई और नवीन यादव के सर और चेहरे में अंदरूनी चोट आई । दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है। परिजनों की रिपोर्ट पर शुक्रवार को मृतिका के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

## नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार मामले में सोनिया व राहुल गांधी का फूंका पूतला

**पखांजुर।** पुराना बाजार चौक पखांजुर में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार मामले में सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ चार्ज शीट दायर होने पर दोनों मां बेटे व कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ पुतला दहन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पखांजुर के निर्देश पर पुतला दहन किया गया, जिसमें भारी संख्या में भाजपा उपस्थित रहें। नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन के आरोप में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने 9 अप्रैल को दाखिल आरोप-पत्र की संज्ञान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पड़ताल की और सुनवाई की अगली तारिक 25 अप्रैल निर्धारित किया गया है। इस मामला में नगर पंचायत पखांजुर वार्ड क्रमांक 13 पार्षद राजदीप हालदार ने बताया कि नेशनल हेराल्ड केस के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ओछी राजनिति कर रही है। पूरा मामला न्यायपालिका में है। दरसल राहुल गाँधी ने भारतीय जानता पार्टी के गढ़ गुजरात में हुंकार भरने के बाद यह तिलमिलाहट है, जो राहुल गाँधी को परेशान करने के लिए अपनी तमाम एजेंसीओ के सहारे फर्जी मामलो में परेशान करने की नाकाम कोशिश कर रही है।

## वार्षिक मेले में गिरी पेड़ की डंगाल, कई लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव





■ बरकई गांव में लगाया गया था मेला

■ घायल फरसगांव अस्पताल में भर्ती, एक जिला अस्पताल रिफर

ग्राम बरकई के वार्षिक मेले में आज पेड़ की डंगाल गिर जाने से कई लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज फरसगांव अस्पताल में किया जा रहा है। एक गंभीर रुप से घायल को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। दोपहर के बाद अचानक तेज हवा चलने से पेड़ की डंगाल गिर गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम बरकई में प्रतिवर्ष की भांति शुक्रवार को पारंपरिक वार्षिक मेले का आयोजन किया गया था। इस मेले में आस पास गांव देवी देवताओं के साथ ग्रामीण पहुंचे हुए थे। मेला स्थल पर दुकानें सजी हुई थीं साथ ही देवी देवताओं के साथ ग्रामीण मेला स्थल पर पूजा अर्चना कर मेला स्थल की परिक्रमा करने की तैयारी में थे । वही दोपहर के बाद अचानक क्षेत्र में आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश हुई। तेज आंधी तूफान से मेला स्थल पर लगी दुकानों को तहस नहस कर दिया। दुकानों के सामान इधर उधर बिखर गए। अफरा तफरी का माहौल बन गया। इसी बीच अचानक मेला स्थल कर स्थित एक पेड़ की डंगाल अचानक नीचे गिरा गया। पेड़ की डंगाल की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया। कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं हैं जिन्हें अस्पताल नहीं लाया गया है।

**ये हुए घायल :** घायलों में ग्राम बरकई निवासी बीरबल पांडे, राजाराम पांडे, दिलीप पांडे , फरसगांव निवासी सग्राम, सोनाबेड़ा निवासी सनवारीन मंडावी शामिल है। दिलीप पांडे के सीने ने अंदरूनी चोट आने से उन्हें बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है। बाकी लोगों का उपचार फरसगांव अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि और भी कुछ लोगों को मामूली चोट आई है जो अस्पताल नहीं आए ।

## दो दिवसीय संत समागम 23 से, जोरों से चल रही तैयारी



**बासनवाही।** बस्तर संभाग जिला कांकेर तहसील अन्तर्गत ग्राम धनोरा साल्हेटोला के पावन स्थल पर 23 एवं 24 अप्रैल को सद्गुरु कबीरधनी धर्मदास साहब, पंथ हुजूर 108, प्रकाश मुनि नाम साहब, नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब की कृपा से माता सुलक्षणा देवी की उपस्थिति में ग्राम धनोरा साल्हेटोला स्थान सत्य कबीर आश्रम स्कूल मैदान में दो दिवसीय संत समागम समारोह आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय संत समागम समारोह में भजन, कीर्तन, सत्संग,आनंदी चौंका, आरती सात्विक यज्ञ सम्पन्न होंगी। बांधवगढ़ से पधारे 23 अप्रैल बुधवार को प्रातः 08 बजे से मंहत हरिश पण्डा के कर कमलों से एवं संत महंतों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित एवं निशान पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। प्रातः 8.30 बजे से दामाखेड़ा से पधारे मंहत राजू दास एवं संतों के व्दारा गुरु महिमा पाठ, सत्संग, भजन कीर्तन, प्रवचन एवं संध्या 04 बजे से परम श्रद्धेय गुरु गोसाईं डॉ भानुप्रताप साहेब एवं पूज्यनीय माता सुलक्षणा देवी का पावन आगमन एवं शोभायात्रा एवं भेंट बंदगी। 24 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 08 बजे से गुरु महिमा पाठ सत्संग भजन कीर्तन, दोपहर 12 बजे जन प्रतिनिधियों का स्वागत एवं भेंट के तत्पश्चात माता साहिबा सुलक्षणा देवी का प्रवचन एवं संध्या 04 बजे से संध्या पाठ, शाम 07 बजे से सात्विक यज्ञ, आनंदी चौंका, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यक्रम का जायजा लेने अर्जुन प्रधान नवयुवक मंडल अध्यक्ष, बाबू दास मानिकपुरी उपाध्यक्ष, केडी मिशन अध्यक्ष एवं संत समागम समारोह आयोजन समिति ग्राम धनोरा साल्हेटोला जिला कांकेर, सद्गुरु कबीर नव युवक मंडल, आमीन माता महिला मंडल एवं समस्त कबीर पंथ समाज बस्तर संभाग जोरों से तैयारी में जुटे हुए हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस भवन का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




नेशनल हेराल्ड में करोड़ों के भ्रष्टाचार के मामले को लेकर कांग्रेस के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार करते हुये भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस भवन का घेराव किया और विरोध प्रदर्शन करते हुये कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा बनाये गये बेरिकेट्स को तोड़ कर कांग्रेस भवन के समक्ष पहुँच कर लगभग एक घंटे तक जोरदार नारेबाजी करते हुये विरोध प्रदर्शन करते हुये कांग्रेस भवन का घेराव कर डटे रहे। वहां भारी संख्या में तैनात पुलिस बल जवानों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की धक्कामुक्की लगातार होती रही।

भाजायुमो के विरोध प्रदर्शन से और अपने शीर्ष नेताओं के पुतले दहन से बौखलाए कांग्रेसी भी देश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के खिलाफ जमजर नारेबाजी की। भाजपा के कांग्रेस भवन घेराव के दौरान प्रमुख रूप से महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, योगेंद्र पांडे, श्रीधर ओझा, नरसिंह राव,आलोक अवस्थी, प्रकाश झा, सुरेश गुप्ता, सुब्रतो विश्वास, राजेन्द्र बाजपेयी, सुधा मिश्रा, संग्राम सिंह राणा आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## चंदैया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में गुड फ्राई-डे की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शहर के चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में शुभ शुक्रवार (गुड फ्राई-डे) की आराधना प्रचार कमेटी अध्यक्षा सुश्री अमृता फाउलर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर अपार कष्ट सहते हुए भी उन्होंने मानव कल्याण हेतु पिता परमेश्वर से उन्होंने विनती की और जो उन्होंने विनती की थी। उन्हीं सात वचनों को विभिन्न वक्ताओं द्वारा चिंतन मनन द्वारा कलीसिया के सामने प्रस्तुत किया गया। वो वक्ता जिन्होंने सात वाणी पर प्रकाश डाला वह है। रेव्ह. यूसुफ सिंह, नरेश सेठी, निवेश नाथ, संतोष मनी सिंह, श्रीमती नीलिमा पॉल एवं संगीता द्वारा प्रकाश डाला। वचनों एवं विशेष गीतों के माध्यम से क्रूस की कथा का वर्णन किया गया। विश्वासयो का एक बड़ा झुंड इन सभा में उपस्थित रहकर प्रभु की महिमा की। विदित हो कि मसीही परंपरा के अनुसार 40 दिन की जो उपवास कालीन आराधना है। वह मसीह यीशु के द्वारा पापियों के लिए दुख उठाने की पवित्र गाथा है, जिसे पूरे 40 दिन दुख भोग सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। मसीह विश्वास में आस्था रखने वाले विश्वासी इन दिनों स्वयं को उपवास के साथ तैयार करते हैं कि वे मसीह यीशु की मार्मिक कथा में खुद को शामिल कर सकें। प्रभु यीशु द्वारा से उद्धार की कथा को महसूस करते हुए अपने विश्वास में दृढ़ बने रहे। इस अवसर पर आदिश सिंह एवं क्वायर द्वारा और जितेंद्र फाउलर सिंह, संगीता मसीह, प्रिंस मसीह, आयुष सिंह, ऋषभ झा, अरूण जेड़क, मनीला राव द्वारा विशेष गीत भी गाया गया। इसके पश्चात रेव्ह. रविंद्र नाथ के आशीष वचनों द्वारा सभा समाप्त की गई। उसके साथ ही कलिसिया में शामिल हुए जवान बच्चों द्वारा कलीसिया के लोगों के लिए पेयजल और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

## अपर आयुक्त ने निरीक्षण में कहा- ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करेंगे

# आयुक्त के निर्देश बाद भी पूरा नहीं हो सका आवापल्ली जीएडी आवास भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खबर का असर

■ पहले दो अधिकारियों को किया गया था निलंबित

बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले के बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपट्टनम एवं ऊसूर आवापल्ली में सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु जीएडी आवास भवनों के निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मनमानी की गई थी। टेंडर समाप्त होने और भुगतान होने के बाद भी निर्माण का य बंद होने का समाचार हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिससे आयुक्त ने ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने को कहा था और दो अधिकारियों को निलंबित किया था। ठेकेदार को शीघ्र ही निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर एफआईआर किया जाएगा।

इस पर हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा के नेतृत्व में उप आयुक्त जीपी प्रजापिता, इलेक्टॉनिक के कार्यपालन अभियंता केके कश्यप, दंतेवाड़ा के कार्यपालन अभियंता, उपयंत्री की टीम ने हॉल ही में आवास भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि आवापल्ली के जीएडी आवास भवनों का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका, इससे अपर आयुक्त ने ठेकेदार को फटकार लगाई। अपर आयुक्त ने कहा कि इस ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के लिए आयुक्त को पत्र भेजा जाएगा।



### मुख्यालय को भेजा जा रहा पत्र

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने को मुख्यालय को पत्र भेजा जा रहा है। उन्होंने प्रक्षेत्र के सभी कार्यपालन अभियंताओं को कहा कि निर्माण कार्यों में मनमानी नहीं करें।

**खबर संक्षेप**

## सम्मान समारोह को लेकर जिला स्तरीय बैठक



बस्तर। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की ज़िला स्तरीय बैठक नारायणपुर में रखी गयी। जिसमें संघ की गतिविधि के समबन्ध में चर्चा परिचर्चा कर संघठन की आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। अपनी एक सूत्रीय प्रमुख मांग 1998 99 से सेवा गणना कर जीपीएफ कटौती कर पुरानी पेंशन की मांग शामिल है। जिस पर व्यापक रूप से चर्चा कर अपनी बातों को मंत्री विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाना है। आगामी रणनीति के तहत बस्तर संभाग में सम्मान समारोह कार्यक्रम को बड़े स्तर पर करने को लेकर रणनीति बनी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केदार कश्यप वन एवं पर्यावरण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन शामिल रहेंगे और बस्तर संभाग के सभी विधायकों को भी आमंत्रित करने पर विचार बना। उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रदेश शिक्षक कल्याण संघठन के तत्वाधान में एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया गया।

## दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 20 मार्च 2025 को थाना गंगालूर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अर्रा के मध्य जंगल पहाड़ में पुलिस नक्सली मुठभेड़ की घटना घटित हुई थी। जिसमें फायरिंग के दौरान एक जवान शहीद एवं दो जवान घायल हो गये। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सचिंग के दौरान घटना स्थल पर 15 अज्ञात महिला माओवादी एवं 11 अज्ञात पुरुष माओवादी कुल 26 अज्ञात माओवादियों का शव सहित 7.62 एमएम स्नाईपर, एसएलआर, रायफल 1, मैग्जीन 4, जिंदा राउण्ड 19, नक्सली पोच 1, नक्सली पिट्ठू 1, एके 47 रायफल 1, मैग्जीन 2 , जिंदा राउण्ड 36, नक्सली पोच 1, नक्सली पिट्ठू 1, रेडियो 1, मैन पैक सेट बैटरी 1, 303 रायफल 1, मैग्जीन 1, जिंदा राउण्ड 20, नक्सली पोच 1, भरमार बंदूक 1 , स्पिलिंटर छोटा 20, मैकेनिज्म 1, नक्सली वर्दी एवं नक्सली सामग्री बरामद किया गया। इस संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी हो तो 24 अप्रैल 2025 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बीजापुर में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

## जन समुदाय में बढ़ रहा स्वास्थ्य के प्रति जुड़ाव

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा विकासखंड के परियोजना बचेली अंतर्गत सेक्टर भाँसी एवं गंजेनार में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान हर वर्ष की तरह इस बार भी महिलाओं और बच्चों में एनीमिया व कुपोषण की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित हो रहा है। अभियान के अंतर्गत थीम आधारित गतिविधियाँ जैसे एनीमिया मुक्त भारत,स्वच्छता व हाथ धुलाई के महत्व,पौष्टिक आहार का संदेश,नारा लेखन, साइकिल रैली, रंगोली निर्माण,रेडी-टू-ईट फूड से बने व्यंजनों का प्रदर्शन,जिंदगी के पहले 1000 दिन और पोषण भी पढ़ाई भी पर आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसके अलावा इन गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को पोषण शपथ दिलाने और लोगों स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत घर पर पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं की व्यक्तिगत काउंसलिंग, बच्चों में मोटापे की समस्या से निपटने हेतु स्वस्थ जीवन शैली संबंधी जानकारी साझा की गई।

### मोर दुआर साय सरकार अभियान

# विधायक ने किया मोर आवास मोर अधिकार सर्वेक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



जनपद पंचायत गीदम अंतर्गत ग्राम कासोली में क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी द्वारा मोर आवास मोर अधिकार एवं आवास प्लस सर्वे 2.0 के अंतर्गत सर्वेक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।

गौरतलब हैं कि मोर आवास मोर अधिकार एवं आवास प्लस सर्वे 2.0 का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वेक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर 15 दिवसीय मोर दुआर-साय सरकार महाअभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। मोर दुआर-साय सरकार महाअभियान का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान करना है, जिन्हें अब तक किसी भी आवासीय योजना के तहत पक्का आवास नहीं मिल सका है और उन्हें पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराना है।

इस महाभियान में राज्य के प्रत्येक गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस 2.0 के हितग्राहियों के सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया जाएगा, ताकि योजना अंतर्गत आवास की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य कराया जा सके। यह महाभियान तीन चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में 15 से 19 अप्रैल के बीच जिला और ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 20 से 28 अप्रैल तक सभी ग्रामों में ग्राम सभाएं आयोजित कर घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में 29 और 30 अप्रैल को सभी सर्वेक्षणों की पुष्टि, ग्राम सभा की स्वीकृति और सत्यापन कर अंतिम रिपोर्ट तैयार कर राज्य कार्यालय को भेजी जाएगी। इसके अलावा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी रंगोली के माध्यम से आवास योजना प्लस 2.0 को विशेष प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# निर्माणाधीन सड़क में डल रही गुणवत्ताहीन गिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



पुराना मार्केट से पाड़ापुर ढाबा तक सड़क पर लगभग आठ सौ मीटर ठेकेदार ने गिट्टी बिछाकर छोड़ दी है। इस गिट्टी से अनियंत्रित होकर दो पहिया वाहन चालक प्रतिदिन दुर्घटना ग्रस्त व चोटहिल हो रहे हैं।

सड़क निर्माण के नाम पर लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार व अधिकारी मापदंड व गुणवत्ता को नजरअंदाज कर रहे हैं। जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग रहे हैं। नगरवासियों का कहना हैं कि दशकों बाद बन रही सड़क का नए सिरे से निर्माण होना था परंतु ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत से पुरानी सड़क के ऊपर ही डामर की नई परत चढ़ाई जा रही है जो की नगर वासियों की समझ से परे हैं। लोक निर्माण विभाग की ओर से चल रहे इस निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी भी की जा रही है। स्थानीय लोगो के अनुसार सड़क निर्माण में बुनियादी मानकों का पालन नहीं हो रहीं है।

ठेकेदार निर्माण कार्य मे घटिया किस्म की गिट्टी मुरुम की जगह दलदली मिट्टी और तारकोल की गुणवत्ता भी निर्धारित मापदंडों से काफी कम डाल रहे है। इस कमजोर सामग्री के कारण मामूली बारिश या भारी वाहनों के दबाव से सड़क के टूटने का खतरा बनी ही रहेंगी नगरवासियों ने विभागीय अधिकारियों को मौखिक रूप से कई बार इस मुद्दे से अवगत कराया है। लेकिन अधिकारि इन शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दे रहें हैं।

इस उदासीनता से ठेकेदार और भी बेपरवाह हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सरकारी धन का खुला दुरुपयोग हो रहा है। अब स्थनीय लोग प्रशासन से शिकायत कर तत्काल जांच करवाने की बात कह रहें हैं। साथ ही दोषी ठेकेदार पर कार्यवाही करवाने की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि अगर समय रहते कार्यवाही नहीं की गई तो सड़क जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी। इससे आम नागरिकों को वापस भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ेगा।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के उपलब्धि की समीक्षा के लिए पहुंचे स्वास्थ्य अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के उपलब्धि एवं उनकी समीक्षा हेतु खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम के कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में खण्ड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौतम कुमार के साथ-साथ आरएचओ, सीएचओ, लैब टेक्नीशियन, टीबी टेक्नीशियन, बीपीएम, बीईटीओ, सेक्टर चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, एलएचवी आदि उपस्थित रहे। इस बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौतम कुमार ने बताया कि हमारा गीदम ब्लॉक सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिले में अव्वल है। गीदम ब्लाक में लगभग 93 प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। जिसमें ब्लॉक के दोनों नगरीय निकाय गीदम एवं बारसूर नपं में लगभग सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं जो की एक बड़ी उपलब्धि है।

## मिट्टी वाले कच्चे घरों का जायजा...



**जगदलपुर।** नगरनार ग्राम पंचायत के कई मोहल्लों में आज पंच,सरपंच पीएम आवास के लिए जियोटेक सर्वे के लिए घर-घर पहुंचे। पंच रैनू बघेल ने बताया कि कच्चे मिट्टी के मकान वालों को पीएम आवास में पक्का मकान मिलेगा। आज सरपंच उमाकांतो बघेल के साथ पंच मनु बघेल, रैनू बघेल, सूरज, समलु, बलीराम सेठिया, सुगेन्द्र, सूरज और सहायक सचिव राजेन्द्र बघेल घर-घर पहुंच कर जायजा लिया।

## एनएमडीसी डीएवी पॉलीटेक्निक में कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल सेल के अंतर्गत एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक एजुकेशन सिटी जावांगा गीदम दंतेवाड़ा में कार्यशाला फील्ड/ एक्स्पोसर विजिट टू इन्कुबेसन यूनिट/ पेटेंट फैसिलिटेशन विषय के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस कार्यशाला को कोल्ड स्टोरेज, गीदम में स्थित लगभग 60 मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल ब्रांच के विद्यार्थी के साथ 5 व्याख्याता भी मौक़े पर उपस्थित होकर कार्यशाला को संपन्न कराया। जिसमें कोल्ड स्टोरेज के चेयरमैन नरेन्द्र जैन भी उपस्थित थे । कार्यशाला में सभी ने जाना की कोल्ड स्टोरेज के उपयोग विविध हैं, मुख्य रूप से विशिष्ट तापमान बनाए रखकर खराब होने वाले सामानों को सुरक्षित रखने, खराब होने की गति को धीमा करने और शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए। यह खाद्य, फार्मास्यूटिकल्स और कृषि जैसे उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन अन्य क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है। कोल्ड स्टोरेज के अनेक उपयोग व तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया गया। महाविद्यालय आई आई सी सेल के तहत विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए ऐसे आयोजन करवाता है।

## ब्राह्मण समाज ने सीएम से की सामुदायिक भवन की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व ब्राम्हण समाज का एक प्रतिनिधिमंडल सीएम से भवन निर्माण की मांग करते समाज के लोग विश्व ब्राह्मण समाज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मांगपत्र सौंपकर समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग की। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि वे आंध्रप्रदेश से करीब 250 साल पहले जगदलपुर आकर राजपरिवार व ब्रिटिश काल से गुजर-बसर करते रहे। जगदलपुर में शिक्षा-दीक्षा करते हुए उन्होंने स्वर्णकार के रूप में अपना पुश्तैनी कार्य भी शुरू किया।

करीब सात पीढ़ियों के गुजर जाने के बावजूद उनका पिछड़ापन खत्म नहीं हुआ है, वहीं सरकार-प्रशासन से उन्हें मिलने वाले फायदों से भी वे वंचित हो रहे हैं। उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण करने एक एकड़ भूमि और भूमि विकास की दिशा में मदद की मांग की है। इस दौरान एल गुप्तेश्वर राव सोनी, पी मोहन सोनी, एम प्रसाद, नागेश्वर राव सहित अन्य मौजूद थे।

## कलयुग के श्रवण कुमार अपनी माता को 25 साल पुराने स्कूटर से 96 हजार किमी नाप दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कर्नाटक के मैसूर के रहने वाले कृष्ण कुमार अपनी 75 साल की माता को स्कूटर पर लेकर देश के चारो तीर्थ स्थल सहित पूरे धार्मिक स्थलों की यात्रा कर रहे हैं। भावुक होकर कृष्ण कुमार की माता चूड़ा रत्नम्मा कहती हैं कि ऐसी संन्तान ईश्वर सबको दे। आज के समय में जब माता-पिता को वृध्दाश्रम में लोग छोड़ देते हैं, ऐसे समय में उनका पुत्र न सिर्फ उनका ख्याल रखता है, बल्कि मातृ सेवा के लिए ही उसने अविवाहित रहने का निर्णय भी लिया था। कृष्ण कुमार आज के श्रवण कुमार बनकर माता-पिता के प्रति अपने फर्ज को निभा रहे हैं। 47 साल के कृष्ण कुमार पहले और दूसरे चरण की यात्रा में अब तक 96 हजार 622 किमी यात्रा पूरी कर चुके है। कलयुग के श्रवण कुमार अपनी माताजी को 25 साल पुराने बजाज चेतक स्कूटर में लेकर चारो धाम की यात्रा के दौरान कृष्ण कुमार जगदलपुर पहुंचे। शुक्रवार दोपहर जगन्नाथ मंदिर में प्रेस वार्ता में सामलित हुए। अपने 6 वर्ष के यात्रा का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जगदलपुर में सामाजिक व धार्मिक संगठन के सम्मान से गदगद हुए। सिरहासार चौक के पास स्थित जगन्नाथ मंदिर में कृष्ण कुमार ने प्रेसवार्ता के पूर्व जगन्नाथ मंदिर में आयोजित स्वागत समारोह में कृष्ण कुमार और उनकी 75 वर्षीय माता का सर्व हिन्द समाज, आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी की मातृ शक्ति व पुरुष कर्मकर्ताओ ने शाल-श्रीफल से सम्मान किया। इस दौरान निगम के राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा समेत सर्व हिन्दू समाज के रंजीत पांडे,बालकृष्ण शर्मा, कौशिक शुक्ला, झरना मोहंती, रोशन झा, डॉ सुषमा झा, अजय तिवारी, कुणाल चालीसगांवकर, अजय तिवारी, आदित्यवाहनी के जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर, अभय दीक्षित, संतोष बाजपेई, राकेश साहू, किरण शुक्ला,पंकज मिश्रा,अनिरुद्ध मिश्रा समेत बड़ी सँख्या में मातृ शक्ति व पुरुष कर्मकर्ता सम्मलित थे।

## सीआरपीएफ के सहायक कमाण्डेंट नीरज ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




241 बस्तरिया बटालियन सीआरपीएफ सेड़वा जगदलपुर में कार्यरत नीरज पंवार सहायक कमाण्डेंट ने ऑल इण्डिया पुलिस टेबल टैनिस चैम्पियनसीप कोच्ची केरल में आयोजित 11 अप्रैल से 15 अप्रैल में टीम इवेन्ट में गोल्ड मेडल और सिंगल व डबल में 2 सिल्वर मेडल तथा मिक्सड में 1 ब्रॉन्ज मेडल कुल 4 मेडल जीत कर सीआरपीएफ का नाम रोशन किया है।

इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशो की पुलिस और ऑल पैरा मिलिट्री फोर्स के 1000 जवानों के साथ 42 टीमों ने ऑल इण्डिया टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। जिसमें 241 बस्तरिया बटालियन को रिप्रजेन्ट करते हुए सहायक कमाण्डेंट नीरज पंवार ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल सहित कुल 4 मेडल पर कब्जा किया और सीआरपीएफ का नाम रोशन किया, ऐसे बहादुर वीर जवान ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कार्यरत रहते हुये भी खेल के मैदान में भी बाजी मारी उनके जज्बे और हौसले को सलाम।

## कर्मचारी संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ जगदलपुर ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें बस्तर क्षेत्रन्तार्गत विद्युत विभाग के अधीन कार्यरत कर्मचारियों के ज्वलंत समस्याओं एवं मांगों को पूर्ण किए जाने की मांग की है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ जगदलपुर ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नति पूर्व की भांति प्रदेश स्तर पर करने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, पॉवर कम्पनी के अधीन कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करने, पॉवर कम्पनी के तहत कार्यरत कार्यालयीन कर्मचारियों को 3 प्रतिशत विशेष कम्प्यूटर प्रोत्साहन भत्ता देने, बस्तर एवं सरगुजा में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों से कैशलेस चिकित्सा सुविधा हेतु निर्धारित वार्षिक शुल्क आधी लेने, पॉवर कम्पनी के अधीन निम्नतर पदों की भर्तियां तत्काल बंद करने व कार्यालयीन कैडर में नियुक्त कर्मी के लिए क्लास दो तक आने के रास्ते आसान करने की मांग की है।

## समाजहित के लिए सभी की सहभागिता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के जगदलपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत कालीपुर में संभाग स्तरीय धोबी समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुआ। समाज के प्रगति और उत्थान के लिए नव निर्मित युवा संगठन की तारीफ करते हुए समाज को आगे लाने के लिए प्रोत्साहित किए। सामाजिक स्तर पर हो रहे निपटारे और त्रुटियों के समाधान के लिए सामाजिक प्रक्रिया से सम्पन्न करने का सुझाव दिया साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर होने वाले समस्या या दिक्कत के समाधान के लिए सदैव सहयोग करने की सहमति दी। आगामी क्षेत्रीय बैठक के आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। बैठक का संचालन संभागीय उपाध्यक्ष सूरज निर्मलकर के द्वारा किया गया।

बैठक में संभागीय अध्यक्ष दिनेश रजक, संभागीय महासचिव रविशंकर रजक , सलाहकार गोकुलराम रजक, सचिव हृदयराम रजक रहे। कालीपुर परिक्षेत्र से बैठक की अध्यक्षता धोबी समाज अध्यक्ष बलदेव नागे, सचिव हुमेंद्र नागे, कोषाध्यक्ष हिरमन नागे, सहसचिव गजेंद्र नागे एवं सलाहकार समिति से कुशलचंद्र नागे उपस्थिति रहे। बैठक के सफल आयोजन के लिए धोबी समाज कालीपुर के सभी युवा वर्ग की विशेष भूमिका रही। समाज के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र नागे (राजू) ने समाज हित में एकजुटता दिखाने की बात कही।

## उत्कल समाज भवन के धीमी गति से चल रहे निर्माण पर नव निर्वचित अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शुक्रवार को उत्कल समाज के प्रथम नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक समाज भवन परिसर में आयोजित की गई। बैठक से पूर्व भवन का निरीक्षण किया गया। सभी ने पिछले तीन वर्ष से ऊपरी मंजिल पर काफी धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य पर नाराजगी जताई और दूरभाष पर ठेकेदार से चर्चा कर जल से जल्द कार्य पूर्ण करने कहा। इसके उपरांत आयोजित बैठक में प्रथम निर्वाचित पदाधिकारियों की शिव मंदिर,भैरमदेव एवं सुभाष चन्द्र वार्ड के पार्षदगणों के साथ सार्थक चर्चा हुई। इस बैठक में नगर निगम के उप अभियंता समेत अन्य गणमान्य जनों की मौजूदगी में संयुक्त रूप से समाज भवन के उन्नयन एवं महिला व पुरुष प्रसाधन कक्ष निमार्ण, मुख्य द्वार का निर्माण,भवन की फ्लोरिंग व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। समाज के सभी प्रबुद्धजनों के लिए यह हर्ष का विषय है कि बैठक में प्रथम निर्वाचित पदाधिकारियों के आग्रह पर निगम पार्षद निर्मल पानीगाही, त्रिवेणी रंघारी एवं कुबेर देवांगन ने अपने पार्षद निधि से हमारे भवन के लिए राशि देने की सहमति प्रदान की। सभी उत्कल समाज की ओर से उनका आभार व्यक्त किया।



## खबर संक्षेप

### चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सेवाएं हो रही प्रभावित



**चारामा।** चारामा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। इसकी बड़ी वजह है केंद्र से 13 अधिकारी-कर्मचारियों का अन्य क्षेत्रों में अटैचमेंट किया जाना। जानकारी के अनुसार वर्तमान में चारामा के सीएचसी के कुल 13 अधिकारी और कर्मचारी अपने मूल पदस्थापना स्थान से हटाकर अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत हैं। इससे चारामा अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता पर सीधा असर पड़ा है। मरीजों को समय पर इलाज और आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इस मुद्दे पर क्षेत्रीय विधायक ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा मुझे भी इसकी जानकारी मिली है कि चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कई कर्मचारी अटैचमेंट पर हैं। मैं इस मामले में कलेक्टर से चर्चा करूंगी और प्रयास करूंगी कि सभी अधिकारी-कर्मचारी वापस चारामा में पदस्थ किए जाएं, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

### अस्पताल पहुंचने से पहले युवक की मौत

**कांकेर।** शादी कार्यक्रम से लौट रहें युवक का सड़क हादसे में 17 अप्रैल को मौत हो गई। पीवी 52 मद्रासीपारा अंतागढ़ निवासी विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक 35 वर्षीय मृत्युंजय मालाकार अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 1007 से शादी कार्यक्रम में गया था। वापस लौटते समय एक्सीडेंट हो गया। ईलाज के लिए धमतरी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। चारामा थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**समारोह : मेमोरी लेन में स्कूल के इतिहास की एक स्मरणीय यात्रा**

# 10वें स्थापना दिवस पर जेपी इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया आरोहण दिवस, मेधावी छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जेपी इंटरनेशनल स्कूल ने अपने 10 वें स्थापना दिवस को आरोहण के नाम से मनाया। आरोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम और विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक रहे। नर्सरी से लेकर 11 वीं तक के बच्चे जो कक्षा में प्रथम, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे, उनको सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कैनवास ऑफ क्रिएटिविटी कला प्रदर्शनी, माइंड मार्वल नामक एक शैक्षणिक प्रदर्शनी और मेमोरी लेन नामक स्कूल के इतिहास की एक स्मरणीय यात्रा का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि स्कूल का आज 10 वां स्थापना दिवस है और यह स्कूल हमारे कांकेर के लिए गौरव की बात है। गिडलानी परिवार रायपुर, दुर्ग, भिलाई और दिल्ली जैसे विद्यालय को सोच रखते हुए कांकेर में उस स्तर का विद्यालय की स्थापना 10 साल पहले किया था, जो बड़ी बात है। नर्सरी से लेकर 12 वीं तक के बच्चे पढ़ रहें है, उनके आदर संस्कार, खेलकूद हर चीज यहां उपलब्ध है। अनुसाशन और संस्कार भी देखने को मिला। मंच के माध्यम से मैं स्व. प्रताप गिडलानी को नमन करता हूं कि उन्होने कांकेर को बड़े शहर में मिलने वाली शिक्षा को कांकेर में उपलब्ध करवाने का प्रयास किया, यह कांकेर के लिए बड़ी बात है। पढ़ाई के साथ-साथ यहाँ खेल भी, यानी मानसिक के साथ-साथ शारीरिक विकास के लिए हर उत्तम सुविधा उपलब्ध है। बस्तर से लेकर रायपुर तक बच्चे यहां पढ़ाई करने आते है, वहाँ से आने के बाद कैंपस के अंदर हर चीज परिवार के माता के रूप में, पिता के रूप में, भाई के रूप में यहां प्रेम मिलता है। जेपी इंटरनेशनल स्कूल आने आपमें ख्याति प्राप्त है। स्कूल तो हो गया, अब कांकेर में सबसे ज्यादा रेल लाईन की जरूरत है, आप सभी लोगो के सहयोग से जल्द से जल्द रेल लाईन का विस्तार होगा। विशेष अतिथि की आसंदी से नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि इस विद्यालय में कांकेर के अलावा बस्तर संभाग के अन्य जिलों के अलावा, धमतरी, बालोद और रायपुर से बच्चे पढ़ने आते है, यह कांकेर के लिए बहुत बड़ी बात है। कांकेर के लोगो को विद्यालय के विकास के लिए आगे आना चाहिए। विद्यालय के निदेशक शंकर गिदवानी ने समस्त मंचस्थ अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जेपी इंटरनेशनल स्कूल सिर्फ विद्यालय ही नहीं है, बल्कि यह एक परिवार है, जिसका सपना पूज्य स्व. प्रताप गिदवानी ने देखा था। इन दस वर्षों में हमने न केवल शैक्षिक क्षेत्र में बल्कि समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल किया हैं, जिसके लिए समस्त विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों का आभार मानते हैं। विद्यालय के शैक्षिक सलाहकार गोविन्द मुदलियार ने विद्यालय के दशकीय यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है तथा यह प्रतिबद्धता अनवरत जारी रहेगी।

### आनंद मेला का उठाया लुत्फ



*इस अवसर पर फूड कोर्ट में स्वादिष्ट व्यंजन से सजे विभिन्न खाद्य स्टाल लगाया गया था जिसका लुत्फ़ सभी आगंतुकों ने उठाया इसके अलावा, बाउंसी और बॉक्स क्रिकेट जैसी मजेदार गतिविधियों ने भी सभी का मनोरंजन किया। इस पुरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षकों मार्गदर्शन में तैयार किये गए नृत्य जैसे छत्तीसगढ़ी नृत्य, राजस्थानी कालबेलिया नृत्य, केरला एवं छत्तीसगढ़ पर एक भारत श्रेष्ठ के तर्ज पर प्रस्तुत नृत्य एवं पंजाबी भांगरा नृत्य एवं इसके अलावा विभिन्न कलाकरों लाइव बैंड की सुमधुर प्रस्तुति दी जिसने पुरे कार्यक्रम में लोगों को बांधे रखा।*



### आरोहण का किया विमोचन

सत्र 2024-25 में नर्सरी से नवमीं और ग्यारहवीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले एवं विद्यालय में पूरे सत्र में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को मंचस्थ अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। अतिथियों ने स्कूल की पत्रिका आरोहण का विमोचन किया, जिसमें विद्यालय की दस वर्षों के अनवरत शैक्षिक सहशैक्षानिक क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों को सम्मिलित किया गया है।

### प्रदर्शनियों का किया अवलोकन

अतिथियों ने विभिन्न कला प्रदर्शनियों और गतिविधियों में माइंड मार्वल्स विज्ञान प्रदर्शनी, ब्रेनियाक गणित खेल, सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी, कैनवास ऑफ क्रिएटिविटी कला और शिल्प प्रदर्शन, मेमोरी लेन, इकोस ऑफ एक्सीलेंस - पॉडकास्ट बूथ, कॉफी विद किताब सिप एंड रीड, साउंडस्केप संगीत (लाइव प्रदर्शन), म्यूजिकल क्विज, नवरंग नृत्य प्रदर्शन, हिंदी नाटक, करेंसी एक्सचेंज, टैटू, वर्चुअल रियलिटी, 360 डिग्री फोटो बूथ, खेल 3 स्टॉल, व्याकरण वाटिका 3 स्टॉल, हिंदी भाषा खेल, द जंबोरी 3 स्टॉल, अंग्रेजी भाषा से संबंधित खेलों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के उत्कृष्ट कार्यों को सराहा।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में चेयरमेन ज्योति गिदवानी, प्राचार्य रितेश चौबे, उपप्राचार्य प्रकृति दास, प्रधानाध्यापिका इस्मत जसाल, विद्यालय का समस्त स्टाप, छात्र एवं उनके पालक उपस्थित रहे। मारोह का संचालन करिश्मा परवीन द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित किया।

## वंदे मातरम स्थल में 25 से लगेगा योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पतंजलि योग समिति के युवा प्रकोष्ठ युवा भारत के प्रदेश प्रभारी ने कांकेर में होने वाले योग शिविर की समीक्षा बैठक लिया। आगामी 25 से 27 अप्रैल तक कांकेर के वंदे मातरम स्थल में इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन होने वाला है, जिसमें हरिद्वार के तीन योगाचार्य प्रशिक्षण देंगे। साथ ही शिविर स्थल में जल चिकित्सा, यज्ञ चिकित्सा तथा नस्य आदि की भी जानकारी योग साधकों दिया जाएगा।

■ शिविर में जल चिकित्सा, यज्ञ चिकित्सा पर दी जाएगी जानकारी

स्वामी आदित्य देव, स्वामी सनातन देव और स्वामी नरेन्द्र देव जो स्वामी रामदेव के परम शिष्य हैं, इस शिविर का संचालन करेंगे। इस अवसर पर योग साधको को रक्तचाप में वृद्धि, मधुमेह, सायटिका, कमर दर्द आदि समस्याओं का योग के द्वारा समाधान बताया जाएगा। साथ ही प्राकृतिक चिकित्सा से इन पर नियंत्रण पाने की तकनीको पर भी चर्चा किया जाएगा। सारा विश्व योग की महिमा से परिचित हो चुका है और भारत की यह प्राचीन विधा सारे विश्व में फैल चुकी है। नियमित योगाभ्यास के माध्यम से हम पैसे और समय की बचत कर सकते हैं, क्योकि योग का नियमित अभ्यास करने वाला व्यक्ति आमतौर पर बीमारियों से दूर रहता है।बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 अप्रेल को एक रैली के माध्यम से कांकेर के नागरिकों से उक्त शिविर में सम्मिलित होने आह्वान किया जाएगा। इस अवसर पर शिविर आयोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार फब्यानी, संगठन मंत्री सुनील साहू, कोषाध्यक्ष जागेश्वर देवांगन सहित पतंजलि योग समिति के कांकेर जिलाध्यक्ष डॉ. दादूलाल पटेल, महिला पतंजलि समिति से सावित्री हिरवानी, अनुसुइया सोनवानी, कांकेर तहसील के अध्यक्ष उपेश्वर ठाकुर, जनसहयोग संस्था के अध्यक्ष पप्पू मोटवानी, दुर्गा नायक, योग स्पोर्टस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय वस्त्रकार, कुश साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक तुलसीराम पिपरैया, अन्नपूर्णा साहू, अंजना, इला हरिप्रसाद राव, प्रादेशिक युवा भारत के कोषाध्यक्ष उमेश सोनी और अन्य योग साधक उपस्थित रहें।

## दिनदहाड़े राजमिस्त्री की बाइक हुई चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत महामाया वार्ड क्रमांक 11 में राजमिस्त्री का काम करने आए मजदूर के बाईक को किसी अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया। मजदूर रोज की तरह काम करने के लिए बाईक को खड़ी करके गया था। काम होने के बाद वापिस आकर देखा तो बाईक नही था। राजमिस्त्री की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

बाईक चोरी की शिकायत लेकर थाना पहुंचे भूपेश नाईक पिता स्व. पुनारद राम नाईक ने पुलिस को बताया कि ग्राम जैसाकर्रा में रहता हूं और राजमित्री का काम करता हूं। विगत एक माह से गुणेश्वर नायक का मकान निर्माण अपने अन्य राजमित्री साथी एवं अपने लेवरो के साथ कर रहा हूं। प्रतिदिन अपने काम पर लाल रंग के मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीडी 6272 से आना जाना करता हूं। मोटर सायकल को महामाया बुक डिपो गोदम के सामने खड़ी करके रखता हूं। मेरे साथ अन्य साथी राजमित्री एवं लेवर लोग भी अपनी-अपनी वाहन को खड़ा करते है। काम करने के लिए 17 अप्रैल की सुबह लगभग साढ़े 9 बजें आया और वाहन मोटर सायकल को चारामा वार्ड क्रमांक 11 चर्च गली महामाया बुक डिपो के गोदाम सामने खड़ी किया और अपने काम पर लग गया। जब काम खतम हुआ तब लगभग 5 बजे मोटर सायकल को खड़ी किए हुए स्थान पर जाकर देखा तो मेरा वाहन वहां पर नही था। मेरे वाहन को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया, जिसकी कीमत करीबन 15 हजार रूपएं है।

शिकायत पर चारामा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस आसपास लगे कैमरों की जाँच करने में जुट गई है।

## एबीपीएसएसपी ने अग्निवीर में चयनित युवाओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने भारतीय सेना में अग्निवीर के लिए चयनित युवाओं सम्मान किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला कांकेर के द्वारा ट्रेनिंग ग्रुप कांकेर के माध्यम से प्रतिदिन सुबह 6 बजे से साढ़े 8 बजे तक मैदान में नि.शुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसके अंतर्गत अभी तक बहुत बच्चों का रक्षा क्षेत्र के लिए चयन हो चुका है।

■ सुबह 6 से साढ़े 8 बजे तक नि.शुल्क शारीरिक प्रशिक्षण देता है एबीपीएसएसपी

प्रशिक्षण पाने वाले जिले के 11 युवकों का अग्निवीर में चयन हो चुका है, जिनका सम्मान का कार्यक्रम संगठन के द्वारा 18 अप्रैल को रखा गया। मुख्य अतिथि जन सहयोग समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि यह बही पहल है चयनित अग्निवीरों को तिलक लगाकर श्रीफल, पुष्पहार और शाल देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला के पदाधिकारी सदस्य एवं ट्रेनिंग कर रहे सभी युवकों के साथ ही मुख्य अतिथि और सदस्यों ने नरहरदेव मैदान से पुराने बस स्टैंड तक एक सम्मान रैली निकाली। रैली में भारत माता की जय, वंदे-मातरम और भारतीय सेना की जय घोश के साथ जोश और जज्बा शहर वासियों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बना और जन जागरूकता की ओर एक कदम और आगे बढ़ाया गया।

**ये रहे उपस्थित-** सम्मान समारोह के दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला कांकेर के अध्यक्ष कौशल सिन्हा, संरक्षक अरविंद, सचिव सोमेश यादव, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार जैन, संगठन सचिव टीके जैन, व्यास साहू, संयोग साहू, मुकेश जैन, एलके पटेल, रामचन्द्र मंडावी, मिलन राम सिन्हा, उमेश कुमार सिन्हा और अमृत जवरानी उपस्थित रहे।

**अग्निवीर में चयनित हुए युवा-** गीतपहर से प्रकाश सिन्हा, हल्बा से लोकेश नेताम, पुतरवाही से सुरेश गावड़े, करिहा से हरिशंकर सिंह, तेलगुड़ा से कुशल कुमार सिन्हा, तेलगुड़ा से तामेश्वर कोसरिया, ईरागांव से विनय कुमार नाग, करिहा से गौरव सिन्हा, नरहरपुर से टिकेश नेताम, नरहरपुर से धनी शोरी, नरहरपुर से संदीप जुर्री का चयन हुआ।

## आवरी में तीन दिवसीय जीवन विद्या शिविर कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**चारामा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आवरी में जीवन विद्या शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महासमुंद से गेंदलाल एवं राखी प्रबोधन कर रहे हैं। मानव के मूल प्रश्नों को उभारा गया है कि जीवन का उद्देश्य क्या है, वर्तमान में मानव में शिक्षा बढ़ने, सुविधा बढ़ने के बाद भी अपराध प्रदूषण व मानव में तनाव बढ़ा है।

धरती के मानव का मूल प्रश्न दो ही हैं क्यों जीना? कैसे जीना? अर्थात पाना क्या है और इसे पाने का सही तरीका क्या है। मानव अनवरत प्रयास किया है फिर भी मानव का जीना तृप्ति दायक नहीं हुआ है। मानव का समस्त प्रयास केवल और केवल सुख के लिए है मानव सही समझ कर संबंध पूर्वक सही व्यवहार करके सुख को प्राप्त कर सकता है इसे पाने का एक ही निश्चित नियम है यह प्रत्येक मानव के लिए सार्वभौमिक सर्वकालिक है, इसे समझा जा सकता है, जिया जा सकता है। इसमें कोई रहस्य नहीं है और यह शिक्षा विधि से अध्ययनपूर्वक समझा और समझाया जा सकता है। शिविर का समापन 20 अप्रैल को होगा।

## नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार मामले में सोनिया व राहुल गांधी का फूंका पुतला



**पखांजुर।** पुराना बाजार चौक पखांजुर में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार मामले में सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ चार्ज शीट दायर होने पर दोनों मां बेटे व कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ पुतला दहन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पखांजुर के निर्देश पर पुतला दहन किया गया, जिसमें भारी संख्या में भाजपा उपस्थित रहें। नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन के आरोप में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने 9 अप्रैल को दाखिल आरोप-पत्र की संज्ञान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पड़ताल की और सुनवाई की अगली तारिक 25 अप्रैल निर्धारित किया गया है। इस मामला में नगर पंचायत पखांजुर वार्ड क्रमांक 13 पार्षद राजदीप हालदार ने बताया कि नेशनल हेराल्ड केस के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ओछी राजनिति कर रही है। पूरा मामला न्यायपालिका में है। दरसल राहुल गाँधी ने भारतीय जानता पार्टी के गढ़ गुजरात में हुंकार भरने के बाद यह तिलमिलाहट है, जो राहुल गाँधी को परेशान करने के लिए अपनी तमाम एजेंसीओ के सहारे फर्जी मामलो में परेशान करने की नाकाम कोशिश कर रही है। पर भारतीय जानता पार्टी के कार्यकर्ता याद रखे सत्य कुछ समय के परेशान हो सकता है, परन्तु पराजित नहीं।

## दो दिवसीय संत समागम समारोह 23 से, जोरों से चल रही तैयारी



**बासनवाही।** बस्तर संभाग जिला कांकेर तहसील अन्तर्गत ग्राम धनोरा साल्हेटोला के पावन स्थल पर 23 एवं 24 अप्रैल को सद्गुरु कबीरधनी धर्मदास साहब, पंथ हुजूर 108, प्रकाश मुनि नाम साहब, नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब की कृपा से माता सुलक्षणा देवी की उपस्थिति में ग्राम धनोरा साल्हेटोला स्थान सत्य कबीर आश्रम स्कूल मैदान में दो दिवसीय संत समागम समारोह आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय संत समागम समारोह में भजन, कीर्तन, सत्संग,आनंदी चौंका, आरती सात्विक यज्ञ सम्पन्न होंगी। बांधवगढ़ से पधारे 23 अप्रैल बुधवार को प्रातः 08 बजे से मंहत हरिश पण्डा के कर कमलों से एवं संत महंतों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित एवं निशान पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। प्रातः 8.30 बजे से दामाखेड़ा से पधारे मंहत राजू दास एवं संतों के व्दारा गुरु महिमा पाठ, सत्संग, भजन कीर्तन, प्रवचन एवं संध्या 04 बजे से परम श्रद्धेय गुरु गोसाईं डॉ भानुप्रताप साहेब एवं पूज्यनीय माता सुलक्षणा देवी का पावन आगमन एवं शोभायात्रा एवं भेंट बंदगी। 24 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 08 बजे से गुरु महिमा पाठ सत्संग भजन कीर्तन, दोपहर 12 बजे जन प्रतिनिधियों का स्वागत एवं भेंट के तत्पश्चात माता साहिबा सुलक्षणा देवी का प्रवचन एवं संध्या 04 बजे से संध्या पाठ, शाम 07 बजे से सात्विक यज्ञ, आनंदी चौंका, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यक्रम का जायजा लेने अर्जुन प्रधान नवयुवक मंडल अध्यक्ष, बाबू दास मानिकपुरी उपाध्यक्ष, केडी मिशन अध्यक्ष एवं संत समागम समारोह आयोजन समिति ग्राम धनोरा साल्हेटोला जिला कांकेर, सद्गुरु कबीर नव युवक मंडल, आमीन माता महिला मंडल एवं समस्त कबीर पंथ समाज बस्तर संभाग जोरों से तैयारी में जुटे हुए हैं।

## चारामा में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शोभायात्रा से हुआ शुभारंभ



**चारामा।** नगर चारामा में डॉ. इन्द्रदेवेश्वरानंद सरस्वती महाराज के सान्निध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत हो गई। यह कथा 18 से 24 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा के शुभारंभ से पहले नगर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा समता रंग मंच से शुरू होकर सदर बाजार होते हुए नेशनल हाइवे के पास आयोजन स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा में डॉ. इन्द्रदेवेश्वरानंद सरस्वती महाराज रथ पर विराजमान थे और गाजे-बाजे के साथ नगरवासियों ने उनका स्वागत किया। पहले दिन पूजा-अर्चना के बाद दोपहर 1 बजे से कथा प्रारंभ हुई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 23 मई 2025, 06 जून 2025, 14 अगस्त 2025, 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025, 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411